	अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कम सं. 02, बूंदी दीवानी इजराय संख्या 57 / 2020 हंसराज बनाम रंगलाल वगै0	

29.04.2026	अधिवक्ता डिकीदार उपस्थित। लेखाशाखा से इस आशय का पत्र प्राप्त हुआ कि डी.डी. में अंकित राशि में से डिकीदारान को कितनी कितनी राशि का भुगतान किया जाना है, यह अंकित नहीं है। डिकीदारान द्वारा पेश बैंक की पासबुक अस्पष्ट है। जबकि बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का नाम बदल चुका है तथा नये खाते नम्बर जारी किये जा चुके है। डिकीदारान द्वारा पुरानी पासबुक पेश की गई है जिसमें खाता संख्या स्पष्ट नहीं है। अतः भुगतान राशि के अंकन व स्पष्ट बैंक विवरण के आदेश हेतु निवेदन किया गया। अधिवक्ता डिकीदारान द्वारा एक प्रार्थना पत्र मय पासबुक की प्रति पेश कर प्रार्थना पत्र में अंकित खातों मे 1 लाख 60 हजार रूपये समान अनुपात में आधी–आधी राशि दोनो डिकीदारान के खातों में जमा करवाये जाने का निवेदन किया। पूर्व आदेश दिनांक 09.04.2026 के अनुसार नंदलाल द्वारा जमा करवायी गई डी.डी. की राशि हंसराज व उसकी पत्नी कंचन बाई के खाते में जमा करवायी जानी है। अतः आज प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित बैंक खातों में डी.डी. सं. 890879 की राशि 1,60,000 रूपये की आधी–आधी राशि 80,000–80,000 रू नियमानुसार नंदलाल व कंचन बाई के खातों में जमा करवायी जावे तथा रिपोर्ट इस न्यायालय को पेश की जावे। शेष निर्णित ऋणीगण की ओर से कोई अदायगी नही की गई है ना ही नीलामी कार्यवाही की कोई रिपोर्ट पेश हुई है। अतः तहसीलदार हिण्डोली को नीलामी कार्यवाही करने बाबत तहरीर जारी हो। पत्रावली वास्ते प्राप्त होने रिपोर्ट दिनांक 06.05.2026 को पेश हो। 29.4.26 अपर जिला न्यायाधीश क्रम संख्या 2, बूंदी (राज०)